THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI AJIT SINGH): (a) and (b) The Central Government have approved and announced the following three Growth Centres for Tamil Nadu in October, 1989.—

Name of Growth Centre	District
1. Mayiladuthurai—Poompuhar	Thanjavur
2. Erode	Periyar
3. Tirunelveli (Gangai Kondan Nanur Block) . . .	Tirunelveli—Kattabomman

(c) Does not arise.

नई परिवार कल्याण नीति

836. श्री अनन्त राम जायसवाल: क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि परिवार कल्याण की एक नई नीति सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसके लक्ष्य क्या हैं ;

(ख) क्या इस नई नीति को लोकप्रिय बनाने के लिये इसके अधीन नये प्रोत्साहन और हतोत्साहन प्रदान किये गये हैं ; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या नई नीति में ग्राम पंचायतों के परिवार कल्याण के उन विभिन्न लक्ष्यों को पूरा करने पर, जो उनके लिये निश्चित किये गये थे, विशेष प्रोत्साहन प्रदान करने का भी प्रावधान किया गया है ; यदि हां, तो वे कौन-कौन से विशेष प्रोत्साहन हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री रशीद मसूद) : (क) से (ग) आठवीं पंचवर्षीय योजना के संदर्भ में परिवार कल्याण की सपूर्ची कार्यनीति की समीक्षा की जा रही है। इस संदर्भ में प्रोत्साहनों और हतोत्साहनों संबंधी प्रस्तावों सहित विभिन्न प्रस्तावों और विकल्पों की जांच की जा रही है। इस मामले में अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

सीमेंट का मूल्य निर्धारण

837. श्री राम जेठमलानी :
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान 13 जुलाई, 1990 के फाइनेंशियल एक्सप्रेस में "डेडलाक ओवर सीमेंट प्राइसिंग इस्यू" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) क्या यह सच है कि सीमेंट की उत्पादन लागत में वृद्धि हो जाने के कारण इसके दाम घटाये नहीं जा सकते हैं ;

(ग) क्या सरकार ने सीमेंट की उत्पादन लागत का कोई विश्लेषण किया है ; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

उद्योग मंत्री (श्री अजीत सिंह) :

विवरण

(क) जी, हां।

(ख) निविष्टियां जैसे कोयला, रेल भाड़ा तथा विद्युत टैरिफ की लागतों